नगर निगम जयपुर हैरिटेज

क्रमांक:– एफ–6 ( )उपा0राज0(प्रथम)ला.शाखा/जननि हैरिटेज/2021–22/ 601 दिनांक:– 15.10.21

कार्यालय आदेश

वर्तमान में त्यौहारी सीजन चल रहा है। नगर निगम की परकोटा बाजार की पार्किंगों में वर्तमान में प्रायः यह देखा जा रहा है कि उक्त पार्किंग में विजिटर को पार्किंग उपलब्ध नहीं हो पा रही है तथा जाम के हालात बन जाते हैं। अतः ऐसा प्रतीत होता है कि स्थानीय रहवासियों/व्यापारियों द्वारा उक्त पार्किंग स्थलों में स्थायी रूप से गाड़ी पार्क करके रखी जा रही है एवं गाड़िया 3 घंटे से ज्यादा खड़ी की जा रही है। अतः त्यौहारी सीजन में जौहरी बाजार की पार्किंगों की व्यवस्था की मॉनिटरिंग हेतु निम्नानुसार जोन की टीम का गठन किया जाता है–

–राजस्व अधिकारी (प्रभारी) – सरोज पारीक
–राजस्व निरीक्षक/ सहा.राजस्व निरीक्षक – पार्वती सोनी
–सफाई निरीक्षक – संतोष डाबोडिया (वार्ड 73/74)
–दो सफाईकर्मी – (i) सोहन कंवर/प्रहलाद (ii) इमामुद्दीन/निजामुद्दीन
–होम गार्ड

उक्त टीम कल दिनांक 16.10.2021 से ही कार्यवाही प्रारंभ करते हुए आगामी आदेशों तक प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगी जिसमें 3 घंटे से अधिक गाड़ी पार्क करने पर चालान/गाड़ी उठवाने की व्यवस्था, व्यापारियों/स्थानीय रहवासियों द्वारा अपनी गाड़ी रामनिवास बाग भूमिगत पार्किंग में खड़ी करना सुनिश्चित करना। मुख्यालय के राजस्व अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा उक्त टीम के कार्यों की मॉनिटरिंग कर प्रतिदिन रिपोर्ट अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करेंगे। उक्त आदेश श्रीमान आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित है।

उपायुक्त
(राजस्व प्रथम)
नगर निगम हैरिटेज जयपुर

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान् आयुक्त महोदय, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
2. श्रीमान् अति. आयुक्त नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
3. उपायुक्त (सतकर्ता) नगर निगम जयपुर हैरिटेज को भेजकर निवेदन है कि राउण्ड द क्लॉक होम गार्ड की व्यवस्था करवाएं।
4. उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
5. राजस्व अधिकारी किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
6. राजस्व निरीक्षक किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
7. स्वास्थ्य निरीक्षक वार्ड किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
8. सुरक्षित पत्रावली।

Sd/-
उपायुक्त
(राजस्व प्रथम)
नगर निगम हैरिटेज जयपुर

उपायुक्त
सिविल लाईन जोन